शीलं परं भूषणम

श्री आचार्यरत्न देशभूषण शिक्षण प्रसारक मंडल, कोल्हापुर

महावीर महाविद्यालय, कोल्हापुर (स्वशासी)

हिंदी विभाग

विभाग की गतिविधियाँ

वर्ष 2024-25

हिंदी दिवस समारोह

महावीर महाविद्यालय, हिंदी विभाग तथा बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र, ताराबाई पार्क, कोल्हापुर के संयुक्त तत्त्वावधान में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी सप्ताह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में छात्रों की विविध क्षमताओं और कौशलों को विकसित करने के उद्देश्य से विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

- शब्द शृंखला- 24 सितंबर, 2024
- काव्य- वाचन- 25 सितंबर, 2024
- भीत्तिपत्रिका लेखन- 26 सितंबर, 2024

इन प्रतियोगिताएं में महाविद्यालय के 260 छात्रों ने हिस्सा लिया। इन प्रतियोगिताएं का परिक्षण ज्युनिअर कॉलेज की प्रा. आलवेकर ने किया।

शुक्रवार 27 सितंबर, 2024 को सुबह 10: 30 बजे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. पी. लोखंडे, बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र शाखा- ताराबाई पार्क के शाखा प्रबंधक- तुषार क्षीरसागर, राजभाषा अधिकारी- मा. दिवाकर शर्मा, हिंदी विभाग के अध्यक्ष- डॉ. राजेंद्र रोटे जी के साथ विभाग के सभी प्राध्यापक तथा छात्र बड़ी सख्या में उपस्थित थे।

हिंदी दिवस समारोह में आयोजित 'स्वरचित काव्य वाचन' करती छात्रा

पोस्टर लेखन प्रतियोगिता में छात्रों द्वारा बनाये गए पोस्टरों का निरिक्षण करते हुए मा. प्राचार्य, अतिथि और छात्र

छात्रों को मार्गदर्शन करते हुए राजभाषा अधिकारी मा. दिवाकर शर्मा जी

प्रतियोगिता में अव्वल आये छात्रों को प्रमाणपत्र और ट्रोफी प्रदान करते हुए बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र के शाखा प्रबंधक मा. तुषार क्षीरसागर और मान्यवर

अग्रणी कार्यशाला का आयोजन

शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुर अग्रणी महाविद्यालय योजना अंतर्गत महावीर महाविद्यालय हिंदी विभाग द्वारा ‘‘यूट्यूब: रोजगार की संभावनाओं का खुला द्वार’ विषय पर शुक्रवार 4 अक्तूबर, 2024 को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उदघाटन प्रभारी प्राचार्या डॉ. उषा पाटील जी ने किया तथा डॉ. शिरीष शितोले जी बीजभाषण दिया। विषय विशेषज्ञ के रूप में श्री धनराज मारुती चौगले और डॉ. सुषमा माडेकर जी उपस्थित थे। कार्यशाला का आयोजन तीन सत्रों में किया गया। कार्यशाला में कोल्हापुर शहर के विविध महाविद्यालयों से प्राध्यापक और छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस कार्यशाला के लिए विश्वविद्यालय की और से रुपये 15000 की अनुदान राशि प्राप्त हुयी।

‘यूट्यूब: रोजगार की संभावनाओं का खुला द्वार’ कार्यशाला के उद्घाटन में अपना मंतव्य रखते हुए प्रभारी प्राचार्या डॉ. उषा पाटील जी, डॉ. राजेंद्र रोटे जी, डॉ. शिरीष शितोले जी और मान्यवर

नवलेखक शिविर में छात्रों का सहभाग

भारत सरकार के राजभाषा विभाग के अधिनस्त केन्द्रीय हिंदी निदेशालय की ओर से हिंदी भाषा के प्रचार –प्रसार के लिए अनेकानेक योजनाओं का आयोजन किया जाता है। इसमें हिंदी छात्रों के लिए हिंदी नवलेखक शिविर महत्त्वपूर्ण योजना है। इस योजना के द्वारा देशभर में नव लेखकों के लिए शिविरों का आयोजन किया जाता है। इन शिविरों में छात्रों को विशेषज्ञों के द्वारा मार्गदर्शन किया जाता है। इस वर्ष हिंदी विभाग के छात्रों ने तीन नवलेखक शिविरों में हिस्सा लिया।

केन्द्रीय हिंदी संस्थान, हैदराबाद
आजरा महाविद्यालय, आजरा
विशाखापत्तनम

केन्द्रीय हिंदी संस्थान में आयोजित हिंदी नवलेखक शिविर में मान्यवर विशेषज्ञों के साथ उपस्थित महाविद्यालय के छात्र

आजरा महाविद्यालय, आजरा में आयोजित हिंदी नवलेखक शिविर में मान्यवर विशेषज्ञों के साथ उपस्थित महाविद्यालय के छात्र

विशाखापत्तनम में आयोजित हिंदी नवलेखक शिविर में मान्यवर विशेषज्ञों के साथ उपस्थित महाविद्यालय के छात्र

अभ्यास भेंट

छात्रों के सर्वांगीण विकास एवं क्षेत्र भेट के रूप में शनिवार 18 जनवरी, 2025 को शिरोडा के वि. स. खांडेकर स्मृति संग्रहालय को भेंट दी गयी। इस भेंट में संग्रहालय के समन्वयक, श्री आचरेकर सर ने संग्रहालय के निर्माण के साथ वि. स. खांडेकर जी के संदर्भ में उपलब्ध साधनों की जानकारी दी। इसके साथ ही छात्रों ने शिरोड़ा बिच का भी आनंद लिया। इस भेंट में हिंदी विभाग के 40 छात्र और दो प्राध्यापक उपस्थित थे।

शिरोडा के वि. स. खांडेकर स्मृति संग्रहालय को भेंट देने वाले छात्र तथा अध्यापक

शिरोड़ा बिच का आनंद उठाते छात्र और अध्यापक

ग्रंथालय भेंट

हिंदी विभाग के तृतीय वर्ष के छात्रों को ग्रंथालायीं सुविधाओं से परिचित करने के उद्देश्य से गुरुवार 18 जुलाई को ग्रंथालय भेंट का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों को ग्रंथालय में स्थित संदर्भ ग्रंथ, मौलिक ग्रंथ, अनुवादित ग्रंथों से परिचित कराया। साथ ही साहित्यिक पत्रिकाओं के नए तथा पुराने अंकों को दिखाया गया। छात्रों को संगणकीकृत प्रणाली के द्वारा सॉफ्टवेयर पर किताबों की खोज कैसे की जाती है इसका प्रशिक्षण भी दिया गया।